Roll No. : ......................................

Total No. of Questions : **12** ] [ Total No. of Printed Pages : **8**

# C–161

## B.Com. (Part–I) Examination, 2022

## ACCOUNTANCY AND BUSINESS STATISTICS

Paper - I

## (Financial Accounting)

*Time : 1½ Hours* ] [ *Maximum Marks : **100***

**Section–A** **(Marks : 2 × 10 = 20)**

***Note*** :– Answer all *ten* questions (Answer limit **50** words). Each question carries **2** marks.

**(खण्ड–अ)** **(अंक : 2 × 10 = 20)**

**नोट** :– सभी **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **50** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है।

**Section–B** **(Marks : 8 × 5 = 40)**

***Note*** :– Answer any *five* questions out of seven (Answer limit **200** words). Each question carries **8** marks.

**(खण्ड–ब)** **(अंक : 8 × 5 = 40)**

**नोट** :– सात में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **200** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **8** अंक का है।

**Section–C** **(Marks : 20 × 2 = 40)**

***Note*** :– Answer any *two* questions out of four (Answer limit **500** words). Each question carries **20** marks.

**(खण्ड–स)** **(अंक : 20 × 2 = 40)**

**नोट** :– चार में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **500** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **20** अंक का है।

## Section–A

**(खण्ड–अ)** 2 each

1. Attempt all *ten* questions :

   सभी **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

   (i) Explain Dual Aspect Concept.

   द्विपद अवधारणा को समझाइए।

   (ii) What is Accounting Standard Board ?

   लेखा मानक मण्डल क्या है ?

   (iii) What is the meaning of Under Insurance ?

   न्यून बीमा से क्या तात्पर्य है ?

   (iv) What are Bunker Costs ?

   बंकर लागतें क्या हैं ?

   (v) What do you mean by 'Forfeiture of Shares' ?

   'अंशों के हरण' से आप क्या समझते हैं ?

   (vi) Explain difference between Cumulative and Non-cumulative Sinking Fund.

   संचयी और असंचयी शोधन कोष में अन्तर का वर्णन कीजिए।

   (vii) What is Sub-lease ? Explain.

   उप–पट्टा क्या है ? समझाइए।

   (viii) What is Sectional Balancing Ledger ? Explain.

   वर्गीय सन्तुलन खाता बही क्या है ? समझाइए।

   (ix) What do you mean by 'Cum-interest purchase and Sale' of Securities ?

   प्रतिभूतियों के ब्याज सहित 'क्रय एवं विक्रय' से आप क्या समझते हैं ?

   (x) What do you mean by Stock Reserve ?

   स्टॉक संचय से आप क्या समझते हैं ?

## Section–B

**(खण्ड–ब)** 8 each

2. Chhavideep commenced a voyage on 1st April, 2019 from Mumbai to London and back. The voyage was completed on 31st May, 2019. She carried a consignment of tea on her outward journey and of woollen garments on her return journey. The ship was insured at an annual premium of ₹ 24,000. From the following particulars prepare Voyage Accounts :

छविदीप ने 1 अप्रैल, 2019 को मुम्बई से लन्दन एवं वापसी के लिए जहाजी यात्रा प्रारम्भ की। यात्रा 31 मई, 2019 को समाप्त हो गई। वह बाह्य यात्रा में चाय का प्रेषण ले गया एवं वापसी यात्रा में ऊनी वस्त्र लाया। जहाज ₹ 24,000 की वार्षिक प्रीमियम पर बीमित था। निम्नलिखित विवरण से जहाजी यात्रा खाता तैयार कीजिए :

| | (₹) | | (₹) |
|---|---|---|---|
| Port Charges | 4,800 | Annual Depreciation | 84,000 |
| Coal | 30,000 | Freight Earned (Outward) | 1,10,000 |
| Wages | 50,000 | Freight Earned (Inward) | 75,000 |
| Sundry Expenses | 12,000 | Passage Money | 10,000 |
| Stores Purchased | 16,000 | Stores and coal in hand at the end of journey | 6,000 |

Address commission @ 4% on outward and 5% on return freight. The manager is entitled to the commission of 10% on the profit earned before charging such commission.

दक्षता कमीशन बाह्य यात्रा पर भाड़े का 4% की दर से तथा 5% वापसी पर है। प्रबन्धक उसका कमीशन घटाने के पूर्व के लाभों पर 10% कमीशन का अधिकारी है।

3. Govind Ltd. issued 4,00,000 equity shares of ₹ 10 each being payable in four equal instalments. All the shares were applied for and duly allotted on 1st January, 2020. The allotment money was duly received on 31st January. On 1st April the first call was made and the call money was received on 30th April. The second and final call was made on 1st May and was duly received on 31st May with the exception of 1,200 shares. A holder of 2,000 equity shares had paid the whole of the balance amount in anticipation of future calls along with the allotment interest was paid on calls in advance @ 12% per annum according to the company's articles. Journalise the above transactions in the books of the company.

गोविन्द लिमिटेड ने ₹ 10 वाले 4,00,000 समता अंश निर्गमित किये जो बराबर की चार किस्तों में देय थे। सभी अंशों के लिए आवेदन-पत्र प्राप्त हुए और उनका 1 जनवरी, 2020 को आबंटन किया गया। आबंटन राशि 31 जनवरी को प्राप्त हुई। 1 अप्रैल को प्रथम माँग की गई और उसकी धनराशि 30 अप्रैल तक प्राप्त हुई। द्वितीय और अन्तिम माँग 1 मई को की गई और 1,200 अंशों के अतिरिक्त सभी अंशों पर देय राशि 31 मई तक प्राप्त हो गई। 2,000 अंशों के एक धारक ने आबंटन राशि के साथ ही भावी माँगों की राशि का पहले ही भुगतान कर दिया। कम्पनी के अन्तर्नियमों के अनुसार अग्रिम प्राप्त राशि पर 12% वार्षिक दर से ब्याज दिया जाता है। कम्पनी की पुस्तकों में उपर्युक्त व्यवहारों के लिए आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए।

4. What is Royalty ? Explain.

अधिकार शुल्क क्या है ? समझाइए।

5. On examining the books of Manya Ltd. it is ascertained that on 1st April, 2019 the debtor's ledger balances were ₹ 80,240 Dr. and ₹ 570 Cr. and the creditors ledger balance on the same date ₹ 62,350 Cr. and ₹ 1,050 Dr.

For the year ended 31st March, 2020 the following particulars are available :

मान्या लिमिटेड की पुस्तकों की जाँच से यह पाया गया कि 1 अप्रैल, 2019 को देनदारों की खाताबही का डेबिट शेष ₹ 80,240 तथा क्रेडिट शेष ₹ 570 है तथा उसी तिथि को लेनदारों की खाताबही का क्रेडिट शेष ₹ 62,350 व डेबिट शेष ₹ 1,050 है।

31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए निम्नलिखित सूचनाएँ उपलब्ध हैं :

| | **(₹)** | | **(₹)** |
|---|---|---|---|
| Sales | 6,37,280 | Return Outward | 5,350 |
| Purchases | 3,99,740 | Bad Debts | 3,260 |
| Cash Received from Debtors | 5,52,120 | Cash received from creditors in respect of Dr. balances | 1,050 |
| Discount Received | 14,750 | Transfer from Debtors ledger to creditors ledgers | 4,340 |
| Cash paid to Creditors | 3,73,070 | Bad debts Recovered | 940 |
| Discount Allowed | 23,280 | Allowances to customers on goods damaged in transit | 2,120 |
| B/R Received | 40,570 | | |
| B/R Dishonoured | 2,630 | | |
| Return Inward | 10,020 | | |

On 31st March, 2020 there were no credit balance in the debtors ledger and no debit balance in creditors ledger.

31 मार्च, 2020 को देनदारों की खाताबही में क्रेडिट शेष तथा लेनदारों की खाताबही में डेबिट शेष नहीं था।

You are required to prepare :

(a) Total Debtors Account and

(b) Total Creditors Account

आपको तैयार करना है :

(अ) सामूहिक देनदार खाता तथा

(ब) सामूहिक लेनदार खाता

6. What do you mean by Investment Account ?

विनियोग खाते से आपका क्या आशय है ?

7. Vikram & Company Pushkar sends goods to its Ajmer Branch at cost which sells on credit as well as for cash. You are required to prepare necessary account in the books of H.O. on stock and debtors system :

विक्रम एण्ड कम्पनी पुष्कर अजमेर शाखा को लागत मूल्य पर माल भेजती है, जिसको नकद व उधार बेचा जाता है। आपको आवश्यक खाते स्टॉक व देनदार विधि के अनुसार प्रधान कार्यालय की पुस्तकों में तैयार करने हैं :

| | (₹) |
|---|---|
| Goods send to Branch | 34,400 |
| *Stock at Branch* : | |
| Opening | 7,240 |
| Closing | 9,000 |
| Total Sales | 36,640 |
| Salaries and Wages | 3,000 |
| Receipts from Debtors | 29,000 |
| Return Inwards | 400 |
| Discount Allowed | 540 |
| Opening Debtors | 13,000 |
| Cash Sales | 12,000 |
| Rent and Rates | 2,450 |

8. Explain the following :

(a) Accounting features of Tally

(b) Inventory features of Tally

निम्नलिखित को स्पष्ट कीजिए :

(अ) टैली की लेखांकन विशेषताएँ

(ब) टैली की इनवेंटरी विशेषताएँ

## Section–C

## (खण्ड–स)

20 each

9. Kushal Ltd. had taken out a loss of profit policy for ₹ 4,50,000 being ₹ 1,95,000 for net profit and ₹ 2,25,500 for fixed expenses. Expenses to the extent of ₹ 50,000 were not insured. During 2019 company earned a net profit ₹ 1,35,000 after charging ₹ 3,05,000 standing charges on a sale of ₹ 48,75,000. On 1st June, 2020 there was a fire as a result of which sales suffered a great deal for a period of 5 months.

The actual sales out 2019 and 2020 were as follows :

कुशाल लिमिटेड ने ₹ 4,50,000 की लाभ की हानि पॉलिसी ली जिसमें ₹ 1,95,000 शुद्ध लाभ एवं ₹ 2,25,000 स्थायी व्ययों के लिए है। ₹ 50,000 के व्यय बीमित नहीं थे। वर्ष 2019 में ₹ 48,75,000 की बिक्री पर ₹ 3,05,000 के स्थिर व्ययों को चार्ज करने के पश्चात् कम्पनी ने ₹ 1,35,000 का शुद्ध लाभ कमाया था। 1 जून, 2020 को आग लग गई जिसके कारण 5 माह तक बिक्री बहुत अधिक प्रभावित हुई।

2019 व 2020 की वास्तविक बिक्रियाँ निम्नलिखित हैं :

| | 2019 (₹) | 2020 (₹) | | 2019 (₹) | 2020 (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| January | 3,00,000 | 3,30,000 | July | 6,00,000 | 75,000 |
| February | 3,00,000 | 3,30,000 | August | 5,10,000 | 90,000 |
| March | 3,75,000 | 4,12,500 | September | 4,50,000 | 1,20,000 |
| April | 3,75,000 | 4,12,500 | October | 3,75,000 | 1,65,000 |
| May | 4,50,000 | 4,95,000 | November | 3,75,000 | 2,25,000 |
| June | 5,40,000 | 75,000 | December | 2,25,000 | 2,70,000 |

The indemnity period according to policy was 4 months. ₹ 3,000 was spent on putting the fire off and additional expenses as a consequence of fire were ₹ 24,042 but a saving of ₹ 4,500 was affected towards the end of 2019 a machinery was installed which would have resulted in a net saving equal to 2% of sales in cost of production.

पॉलिसी के अनुसार क्षतिपूर्ति अवधि 4 माह थी। ₹ 3,000 आग बुझाने में खर्च हो गये एवं आग लगने के कारण ₹ 24,042 के अतिरिक्त व्यय हुए परन्तु ₹ 4,500 की बचत भी हुई। 2019 के अन्त में एक मशीन की स्थापना की गई जिसके परिणामस्वरूप विक्रय की उत्पादन लागत में 2% के बराबर शुद्ध बचत होगी।

10. What are different methods of redemption of Debentures ? Describe their characteristics.

ऋणपत्रों के शोधन की विभिन्न रीतियाँ क्या हैं ? उनकी विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

11. Satya acquired a mine on lease from Bhupendra for a period of 20 years at a royalty of ₹ 15 per ton of coal produced subject to the minimum rent of ₹ 4,500 for the first year increasing by ₹ 1,500 every year till ₹ 15,000 per annum is reached. Short-working of any one year may be recouped out of excess working of the following two years only. The output during the first five years was as follows :

| Year | Output (in tons) |
|---|---|
| 2016 | 100 |
| 2017 | 200 |
| 2018 | 450 |
| 2019 | 700 |
| 2020 | 1,000 |

While preparing the accounts of first year, Sayta decided not to carry forward as an asset any short-working. In the second year ₹ 4,500 and in the third year ₹ 3,000 were carried forward. Prepare necessary accounts in the books of Satya.

सत्य ने भूपेन्द्र से ₹ 15 प्रतिटन अधिकार शुल्क पर एक खान 20 वर्षों के लिए पट्टे पर ली बशर्ते कि प्रथम वर्ष में न्यूनतम किराया ₹ 4,500 होगा, जो प्रतिवर्ष ₹ 1,500 से बढ़ता रहेगा जब तक कि वह ₹ 15,000 वार्षिक तक नहीं पहुँच जाता है। किसी भी वर्ष की लघुकार्य राशि को उसके आगामी दो वर्षों की अधिकार्य राशियों में से ही वसूल किया जा सकता है। प्रथम पाँच वर्षों का उत्पादन इस प्रकार रहा :

| वर्ष | उत्पादन (टनों में) |
|---|---|
| 2016 | 100 |
| 2017 | 200 |
| 2018 | 450 |
| 2019 | 700 |
| 2020 | 1,000 |

प्रथम वर्ष के खाते तैयार करते समय सत्य ने सम्पत्ति के रूप में कोई लघुकार्य राशि न ले जाना तय किया। दूसरे वर्ष में ₹ 4,500 एवं तीसरे वर्ष में ₹ 3,000 लघुकार्य राशि के रूप में आगे ले जाये गये। सत्य की पुस्तकों में आवश्यक खाते तैयार कीजिए।

12. What do you understand by Sectional Balancing System of Ledger ? Explain its merits and demerits and also describe the working of sectional balancing system of ledger.

खाता बहियों की वर्गीय सन्तुलन प्रणाली से आप क्या समझते हैं ? इसके गुण व दोष बताइये तथा वर्गीय सन्तुलन प्रणाली की कार्य प्रणाली का विवेचन कीजिए।